उत्तर पश्चिम रेलवे

रेल भर्ती कक्ष,
पावर हाऊस रोड़, जयपुर–302006
वेबसाइट *www.rrcjaipur.in*

सं0–740–ई/आरआरसी/स्काउट्स एवं गाईड्स कोटा/2023–24 दिनांक 15.03.2024

सर्व संबंधित,

विषयः– रोजगार सूचना संख्या 06/2023 के अन्तर्गत स्काउट्स एवं गाईड्स कोटा में लेवल–1 व 2 के पदों पर भर्ती के संबंध में।

उत्तर पश्चिम रेलवे में स्काउट्स एवं गाईड्स कोटा वर्ष 2023–24 के लिए रोजगार सूचना संख्या 06/2023 दिनांक 14.12.2023 के अन्तर्गत पात्र उम्मीदवारों के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का आयोजन दिनांक 22.03.2024 को दो पारियों में निम्न केन्द्र पर किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

Rajasthan College Of Engineering For Women, Bhankrota, Ajmer Road Jaipur, Pin code – 302026

इस हेतु आरआरसी की अधिकृत वेबसाइट *www.rrcjaipur.in* पर ई–बुलावा पत्र के लिए लिंक शीघ्र ही उपलब्ध करवा दिया जाएगा। अतः सभी पात्र उम्मीदवार उक्त वेबसाइट से समय रहते अपना ई–बुलावा पत्र डाउनलोड कर लें।

जिन उम्मीदवारों के ई–बुलावा पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं, वे उम्मीदवार दिनांक 21.03.2024 तक समय 09.30 बजे से 17.00 बजे के दौरान, आरआरसी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना मूल आइडी कार्ड दिखाकर, स्वयं का ई–बुलावा पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त की निरन्तरता में सर्वसंबंधित को इस नोटिस के माध्यम से जरिए वेबसाइट के सूचित किया जाता है कि कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के उपरान्त, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का परिणाम जारी किया जाएगा एवं कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में नियमानुसार उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों में से मेधा मेरिट सूची के अनुसार अधिसूचित रिक्तियों के 5 गुणा अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन के लिए बुलाया जाएगा।

अतः सर्वसंबंधित उम्मीदवारों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, स्काउट एवं गाइड योग्यता/उपलब्धि प्रमाण पत्र, (विशेषरूप से विगत 5 वर्षो की Activeness का प्रमाण–पत्र नोटिफिकेशन का एनेक्जर–8 जो कि सम्बन्धित तीन स्काउट/गाइड के प्राधिकारियों से सील सहित हस्ताक्षरित/प्रमाणित हो, की मूल प्रति तथा विगत 5 वर्षो के स्काउट्स एवं गाईड्स गतिविधियों में एक्टिव रूप से भाग लेने सम्बन्धी मूल प्रमाण–पत्र, जाति/समुदाय संबंधी नवीनतम एवं पुराना प्रमाण–पत्र, नवीनतम ओबीसी, ईबीसी प्रमाण पत्र यदि लागू हो, अल्पसंख्यक शपथ पत्र (नान ज्यूडिशयल शपथ पत्र), यदि लागू हो, उपरोक्त समस्त दस्तावेजात तैयार रखें। इसके अतिरिक्त किसी भी उम्मीदवार के दस्तावेजों में आंशिक स्पेलिंग मिस्टेक इत्यादि होने की दशा में, संबंधित अभ्यर्थी इसके लिए शपथ पत्र की मूल प्रति (शपथ पत्र केवल आंशिक त्रुटि के लिए ही मान्य होगा) एवं समस्त दस्तावेजों की दो–दो छायाप्रतियां, जो कि स्वसत्यापित होने चाहिए व स्वयं की 06 नवीनतम फोटो तैयार रखें, जिससे कि दस्तावेज सत्यापन का कार्य सुचारू रूप से हो सके।

इस भर्ती से संबंधित अन्य अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित उम्मीदवार आरआरसी, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट *www.rrcjaipur.in* का निरन्तर अवलोकन करते रहे।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती कक्ष, उपरे